कार्यालय नगर पालिका मण्डल चाकसू, जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः—न.पा.चा. / 2026 / 578 दिनांक :—17.04.2026

आम—सूचना :

नगर पालिका चाकसू की भव्य आवासीय योजना ''सिन्दूर विहार'' (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2025/4078) के भूखण्डों का ऑनलाईन पूर्णतः पारदर्शी लॉटरी से आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन का शुभारम्भ

नगर पालिका चाकसू द्वारा आपकी सेवा में समर्पित, प्राइम लोकेशन पर स्थित नगर पालिका चाकसू के राजस्व ग्राम चाकसू (पश्चिम), तहसील चाकसू, जिला—जयपुर के खसरा सं. 11871 में स्थित ''सिन्दूर विहार'' आवासीय योजना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के 152 भूखण्डों के पूर्णतः पारदर्शी ऑनलाईन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक आवेदक https://lsg.rajasthan.gov.in/ulbchaksu वेबसाईट पर जाकर वेबसाईट पर उपलब्ध ''**अभी आवेदन करे**'' बटन पर क्लिक करके अथवा उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध एवं नीचे दिये गये QR Code को स्केन करके अपने आय वर्ग एवं आरक्षित श्रेणी में वेबसाईट पर मांगी गई जानकारी भरकर अपना पंजीकरण करा सकते है। योजना की शर्तें आदि वेबसाईट पर उपलब्ध है।

आरक्षित दर : 16000 / — प्रति वर्गमीटर
आवेदन की प्रारम्भ तिथिः 22 अप्रैल 2026
आवेदन की अन्तिम तिथिः 21 मई 2026
आवेदन में संशोधन सुविधाः 22 मई 2026 से 31 मई 2026 तक
लॉटरी की तिथिः 10 जून 2026

योजना की Google Location जानने लिए इस **QR Code को स्केन करे**

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन के लिए इस **QR CODE को स्केन करे**

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चाकसू

क्रमांक / न.पा.चा. / 2026 / 579—581 दिनांक :—17.04.2026

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ :—</u>

1. श्रीमान् सम्पादक महोदय, दैनिक भास्कर को लेख है कि उक्त आम सूचना का प्रकाशन दैनिक भास्कर के संपूर्ण राजस्थान में प्रचलित समाचार पत्रों में न्यूनतम स्पेश में करवा कर समाचार पत्र एवं बिल की प्रति इस कार्यालय को भिजवाये जाने का श्रम करावे।
2. श्रीमान् सम्पादक महोदय, राजस्थान पत्रिका को लेख है कि उक्त आम सूचना का प्रकाशन राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र के संपूर्ण राजस्थान में प्रचलित समाचार पत्रों में न्यूनतम स्पेश में करवा कर समाचार पत्र एवं बिल की प्रति इस कार्यालय को भिजवाये जाने का श्रम करावे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चाकसू